प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 06.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा–पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद देश में सामान्य है रसोई गैस की आपूर्ति, हर दिन पचास लाख सिलेंडर का किया जा रहा वितरण।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आईआईटी धनबाद के इन्वेंटिव कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा–देश में नवाचार, अनुसंधान और निवेश को दिशा देने वाला है यह मंच।
- पलामू में अंचलाधिकारी की गाड़ी में ट्रेलर ने मारी टक्कर, नौडीहा बाजार और पिपरा के सीओ हुए घायल, एमएमसीएच में कराया गया भर्ती।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में दोपहर बाद हुई बारिश, राज्य के पूर्वी और दक्षिणी जिलों में कल बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी।
- आठवीं झारखंड स्टेट रग्बी चैंपियनशिप में 12 जिलों की 26 टीमों ने लिया हिस्सा, सीनियर पुरुष, महिला और जूनियर बालक वर्ग में खूंटी की टीम रही विजेता।

*******************

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद देश में रसोई गैस की आपूर्ति समान्य है। उन्होंने कहा कि हर दिन पचास लाख सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है।

*******************

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच आश्वासन दिया है कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में असामान्य उतार–चढ़ाव नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में दालों का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी शिखा ने कहा कि देश में गेहूं और चावल दोनों का पर्याप्त स्टॉक है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आईआईटी आईएसएम धनबाद में आयोजित इंवेंटिव–2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे देश में नवाचार, अनुसंधान और निवेश को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मंच बताया।

राज्यपाल ने "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों को नवाचार आधारित विकास का आधार बताया और युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर राज्यपाल ने वाधवाणी इनोवेशन सेंटर और प्रोजेक्ट रिन्यू सूर्या का भी उद्घाटन किया।

*******************

पलामू जिले के नौडीहा बाजार के अंचलाधिकारी की सरकारी गाड़ी में आज एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी, जिससे नौडीहा बाजार और पिपरा के सीओ संजय कुमार सिंह और जितेंद्र कुमार सिंह तथा चालक रवींद्र कुमार ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों अंचल अधिकारी मेदिनीनगर में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। घटना छतरपुर थाना क्षेत्र के मसीहानी की है।

*******************

रामगढ़ उपकारा में आज सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने हैंड हेल्ड एक्स–रे मशीन के शुभारंभ के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच और उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है।

*******************

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त कानून हैं। नई दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित महिला केंद्रित मुद्दों और सशक्तिकरण पहल पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए, उन्होंने लैंगिक संवेदनशीलता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक महिला को कानून के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करने की सलाह दी।

*******************

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर राज्यभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि एक दौर था जब भाजपा मात्र दो सांसदों वाली पार्टी थी और आज देश की पहली पसंद बन गई है।

*******************

गुमला में 25 अप्रैल को लगने वाली विशेष लोक अदालत लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, ध्रुव चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में आज न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और बैंक के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें लंबित मामलों के सुलह के आधार पर निष्पादन के लिए आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया।

*******************

धनबाद जिले में होमगार्ड भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा आज शुरू हो गई। इस भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। धनबाद के बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस परीक्षा की निगरानी उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन समेत जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी कर रहे हैं। वहीं अभ्यर्थियों से भी अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और निष्पक्ष प्रक्रिया में सहयोग करें।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। मौसम विभाग ने कल देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम समेत पूर्वी दक्षिणी जिलों में

बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं रांची, गढ़वा, कोडरमा, सिमडेगा समेत आसपास के जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शहर के पांच आदिवासी युवाओं द्वारा निर्मित "जेनेसिस विक्ट्री एरीना" नामक इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि तेजी से शहरीकरण के बीच खेल के मैदानों की कमी के दौर में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी। यह स्टेडियम युवाओं की उद्यमशीलता का उदाहरण होने के साथ–साथ समाज को स्वस्थ जीवनशैली और खेल संस्कृति की ओर प्रेरित करेगा।

*******************

चाईबासा के सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड में आयोजित 8वीं झारखंड स्टेट जूनियर एवं सीनियर रग्बी चैंपियनशिप 2026 का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता में राज्य के 12 जिलों की कुल 26 टीमों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में खूंटी जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर पुरुष, सीनियर महिला एवं जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियार बालिका टीम में दुमका की टीम को पहला स्थान मिला। झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव हेजाज असदक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं राज्य में रग्बी खेल के विकास के लिए  मील का पत्थर साबित होंगी।

*******समाप्त************